''दी टाईम्स हायर एडुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटीज इम्पैक्ट रैंकिंग:2019'' में कीट डीम्ड विश्वविद्यालय हुआ शामिल

03अप्रैल को दी टाईम्स हायर एडुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटीज इम्पैक्ट रैंकिंग:2019 के प्रकाशित प्रथम संस्करण में भुवनेश्वर,ओडिशा स्थित कलिंग इंस्टीट्यूट आफ इण्डस्ट्रीयल टेक्नालोजी;केआईआईटी;कीट डीम्ड विश्वविद्यालय का नाम शामिल है। प्रकाशित संस्करण में यूएन से संबद्ध विश्व के कुल 76देशों के 450 से भी अधिक विश्वविद्यालयों की सूची में कीट का नाम शामिल है। पूर्वी भारत का एकमात्र स्वपोषित कीट डीम्ड विश्वविद्यालय भुवनेश्वर ,ओडिशा ही है जो यूएन के एसडीजीएस के निर्धारित मानदण्डों पर सफल है। गौरतलब है कि विश्व के कुल 86 देशों के रिसर्च–इन्टेंसिव आधार पर गत वर्ष चयनित विश्वविद्यालयों की सूची में कीट डीम्ड विश्वविद्यालय बेहतर रैंक अर्जित किया था। ''दी टाईम्स हायर एडुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटीज इम्पैक्ट रैंकिंग''विश्व का एकमात्र ऐसा विश्व प्रदर्शन टेबुल है जो यूएन के संबद्ध विश्व के नामी विश्वविद्यालयों का आकलन अलग–अलग क्षेत्रों में और अलग–अलग निर्धारित मानदण्डों के आधार पर समय–समय पर करता है और उसका प्रतिवेदन प्रकाशित करता है। 2016 के यूएन रैंकिंग रिपोर्ट के आधार पर कीट डीम्ड विश्वविद्यालय यूएन रीड्यूस्ड इन्इक्वालिटीज में 10 एसडीजी,शांति,न्याय और समृद्ध संस्थान में 16एसडीजी,पार्टनरशिप फार गोल्स में 17एसडीजी और उत्कृष्ट तालीम उपलब्ध कराने में 4एसडीजी अर्जित किया था। आकलन के अन्य निर्धारित मानदण्डों के आधार पर कीट रीड्यूस्ड इन्इक्वालिटीज में 101–200 स्थानों के बीच आंका गया।शांति,न्याय समृद्ध संस्थानों में 201 प्लस विश्वविद्यालयों में। उत्कृष्ट तालीम के क्षेत्र में 301 प्लस विश्वविद्यालयों की सूची में आंका गया और ओवरऑल आकलन में कीट का स्थान 301 प्लस रहा।

सबसे उल्लेखनीय और प्रशंसनीय बात यह रही कि मात्र 21 वर्ष से कार्यरत कीट डीम्ड विश्वविद्यालय 1997 से अस्तित्व में आया और मात्र 15 साल पुराना यह विश्वविद्यालय जो 2004 में डीम्ड विश्वविद्यालय बना। लेकिन आज पूरे विश्व में सबसे युवा विश्वविद्यालय होने के बावजूद भी कीट डीम्ड विश्वविद्यालय का ''दी टाईम्स हायर एडुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटीज इम्पैक्ट रैंकिंग:2019''में आईआईटी भुवनेश्वर और दक्षिण भारत के कुछ डीम्ड विश्वविद्यालयों की प्रकाशित सूची में 301 प्लस विश्वविद्यालय के रुप में दर्ज होना अत्यंत गौरव,गरिमा और खुशी की बात है। कीट डीम्ड विश्वविद्यालय को मिली इस विश्व स्तरीय कामयाबी पर कीट–कीस के संस्थापक को उनके समस्त स्टाफ और उनके लाखों शुभचिंतकों की ओर से हार्दिक बधाई और अनेकानेक शुभकामनाएं!